1. **कोशिका की खोज किसने की थी?**
   A. ल्यूवेनहॉक B. रॉबर्ट ब्राउन
   C. रॉबर्ट हुक
   D. पुरकिंजे (C)

व्याख्या : रॉबर्ट हुक ने 1665 में कॉर्क की पतली स्लाइस का अवलोकन करके कोशिका की खोज की।

2. **रॉबर्ट हुक ने कॉर्क की स्लाइस में क्या देखा था?**
   A. तरल जीवद्रव्य
   B. केंद्रक
   C. मधुमक्खी के छत्ते जैसे प्रकोष्ठ
   D. क्लोरोप्लास्ट (C)

व्याख्या : उन्होंने कॉर्क में छोटे-छोटे कक्ष देखे जिन्हें उन्होंने कोशिका नाम दिया।

3. **जीवित कोशिका की खोज किसने की थी?**
   A. स्लाइडन B. ल्यूवेनहॉक
   C. ब्राउन D. स्वान (B)

व्याख्या : 1674 में ल्यूवेनहॉक ने जीवित कोशिका का अवलोकन किया।

4. **कोशिका में केंद्रक की खोज किस वैज्ञानिक ने की?**
   A. स्वान B. रॉबर्ट ब्राउन
   C. रॉबर्ट हुक
   D. विर्चो (B)

व्याख्या : 1831 में रॉबर्ट ब्राउन ने केंद्रक की खोज की।

5. **कोशिका में तरल जीवद्रव्य का नाम किसने दिया?**
   A. स्वान B. स्लाइडन
   C. पुरकिंजे D. ब्राउन (C)

व्याख्या : 1839 में पुरकिंजे ने कोशिका में स्थित तरल जीवद्रव्य को "प्रोटोप्लाज्म" नाम दिया।

6. **कोशिका सिद्धांत किसने प्रस्तुत किया था?**
   A. स्लाइडन और स्वान
   B. रॉबर्ट हुक और ब्राउन
   C. पुरकिंजे और ल्यूवेनहॉक
   D. विर्चो और डार्विन (A)

व्याख्या : 1838 और 1839 में स्लाइडन और स्वान ने कोशिका सिद्धांत प्रस्तुत किया।

7. **कोशिका सिद्धांत को आगे किसने बढ़ाया?**
   A. रॉबर्ट हुक B. विर्चो
   C. ल्यूवेनहॉक D. ब्राउन (B)

व्याख्या : 1855 में विर्चो ने सिद्ध किया कि नई कोशिकाएँ पूर्ववर्ती कोशिकाओं से उत्पन्न होती हैं।

8. **एककोशिकीय जीव का उदाहरण कौन-सा है?**
   A. कवक B. प्याज
   C. अमीबा D. पादप (C)

व्याख्या : अमीबा, पैरामीशियम, क्लैमाइडोमोनास आदि एककोशिकीय जीव हैं।

9. **बहुकोशिकीय जीव का उदाहरण कौन-सा है?**
   A. जीवाणु B. क्लैमाइडोमोनास
   C. अमीबा D. पादप (D)

व्याख्या : पादप, जंतु और कवक बहुकोशिकीय जीवों के उदाहरण हैं।

10. **कोशिका को जीवन की संरचनात्मक और क्रियात्मक इकाई क्यों कहते हैं?**
   A. क्योंकि इसमें केंद्रक होता है
   B. क्योंकि यह जीवन की सभी क्रियाएँ कर सकती है
   C. क्योंकि यह केवल पौधों में पाई जाती है
   D. क्योंकि यह बहुत छोटी होती है (B)

व्याख्या : कोशिका स्वयं जीवन की सभी क्रियाएँ कर सकती है, इसलिए इसे संरचनात्मक और क्रियात्मक इकाई कहते हैं।

मिशन ज्ञान
अब चाहें जहाँ रहें, पढ़ाई नहीं रुकेगी!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App